an>

Title: Need to stop mining activities to save fresh water in Bhavnagar Parliamentary Constituency.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल **(भावनगर) :** धन्यवाद, उपाध्यक्ष महोदय कि इस पवित्र सदन में मुझे यह विषय उठाने का मौका दिया।

मेरा संसदीय क्षेत्र भावनगर समुद्र किनारे लगभग 250 किलोमीटर तक बसा हुआ है। समुद्र एवं जमीन के बीच एक प्राकृतिक वाल है, जहां बेंटोनाइट, बाक्साइट, लिग्नाइट और मेलोनाइट पाया जाता है। इसकी वजह से समुद्री खारापन जमीन और भूतल के वाटर रिसोर्स में नहीं आता है। पिछले कई वर्षों से यहां खनन कार्य हो रहा है, उसकी वजह से समुद्री खारापन फलदुप जमीन और भूतल वाटर रिसोर्सेस को बिगाड़ रहा है एवं सैलिनेशन बढ़ता जा रहा है, इसलिए मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर के कोस्टल एरिया में फलदुप जमीन क्षारयुक्त हो रही है और वाटर रिसोर्सेस भी क्षारयुक्त हो रहे हैं। हाई टी.डी.एस. का वाटर रिसोर्स वहां मिलता है और फ्लोराइड-युक्त पानी मिलता है, इसीलिए मेरे संसदीय क्षेत्र से भारी संख्या में लोग माइग्रेट हो रहे हैं।

मेरा आपके माध्यम से संबंधित माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वह इसमें हस्तक्षेप करके जल्द से जल्द खनन रुकवाएं और फलदुप जमीन एवं भूतल के वाटर रिसोर्सेस को बचाया जाए।